दीपोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं

श्री डूंगरगढ़ टाइम्स

9414917401 ♦ शनिवार ♦ 07 नवम्बर, 2026 ♦ Email : sridungargartimes@gmail.com ♦ अंक - 908

श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र की 33 ग्राम पंचायतों के नवनिर्वाचित सरपंचों की सूची

गांव		नाम	वोट
1	मोमासर	मनफूल गोदारा	471
2	लिखमादेसर	मदन मेघवाल	287
3	आड़सर	भगवती प्रसाद जोशी	600
4	सुरजनसर	भंवरीदेवी	304
5	ठुकरियासर	बीरबल देहडू	502
6	तोलियासर	ज्योति विक्रम राजपुरोहित	111
7	जेतासर	ओमप्रकाश सैन	277
8	उदरासर	किसनाराम गोदारा	222
9	लाखनसर	परमा देवी	90
10	जालबसर	ओमप्रकाश सारण	322
11	डेलवा	विमला देवी सहीराम डेलू	456
12	लोडेरा	जेठाराम गोदारा	9
13	गुसाईंसर बड़ा	कौशल्या सत्यनारायण सारस्वत	478
14	बींझासर	वसुंधरा पुत्रवधू मनोहरलाल कड़वासरा	12
15	माणकरासर	चुन्नीदेवी	3
16	समंदसर	पोमाराम नायक	299
17	पुनरासर	पारा देवी उत्तमनाथ	313
18	शेरूणा	प्रेम भादू	288
19	जोधासर	अजीत सिंह	193
20	लखासर	गोवर्धन खिलेरी	42
21	बेनीसर	रुपादेवी ओमप्रकाश डोगीवाल	208
22	हेमासर	चुन्नीदेवी नारायण स्वामी	645
23	जैसलसर	नानूदेवी चांदराम सारण	216
24	सातलेरा	मालाराम तावणियां	331
25	पुदंलसर	विद्या कंवर पुत्री मेघसिंह	333
26	सत्तासर	मंगेज देवी - दिवंगत विक्रमसिंह सत्तासर	934
27	बिग्गा	संपत फौजी	81
28	बिग्गाबास रामसरा	रामेश्वरलाल	593
29	कितासर भाटीयान	ग्यारसी देवी	693
30	कितासर बीदावतान	भंवरी देवी मालचंद नैण	161
31	धीरदेसर चोटियान	हीरादेवी	387
32	कुंतासर	पुरखाराम सहू	341
33	धीरदेसर पुरोहितान	परमेश्वरी देवी	28

10-12 वर्षों से अटका था पीएफ का भुगतान, विधायक जेठानंद व्यास की पहल पर दीपावली के अवसर पर कर्मचारियों के खातों में पहुंची राशि

बीकानेर। बीकानेर इंजीनियरिंग कॉलेज में कार्यरत कार्मिकों का पिछले 10-12 वर्षों से लंबित चल रहा भविष्य निधि (पीएफ) का भुगतान दीपावली के अवसर पर किया गया। यह भुगतान, विधायक श्री जेठानंद व्यास की पहल और निर्देश पर कॉलेज प्रशासन द्वारा 185 कार्मिकों के खातों में कुल 1.90 करोड़ रुपए की राशि सीधे हस्तांतरित की गई। विधायक श्री जेठानंद व्यास के निर्देशों की पालना में कॉलेज के प्राचार्य श्री संजीव जैन ने इस लंबित राशि का भुगतान सुनिश्चित करते हुए सभी 185 कार्मिकों के बैंक खातों में राशि हस्तांतरित की। लंबे समय से पीएफ भुगतान की प्रतीक्षा कर रहे कर्मचारियों को दीपावली के अवसर पर यह राशि मिलने से राहत मिली। इस पहल के लिए विधायक श्री जेठानंद व्यास ने प्राचार्य श्री संजीव जैन का आभार व्यक्त किया तथा कर्मचारियों के हित में लंबित भुगतान की प्रक्रिया पूरी करवाने के लिए कॉलेज प्रशासन के प्रयासों की सराहना की।

सरपंचाई चुनाव की रौचक अनसुनी झलकियां

शांतिपूर्ण चुनावोत्सव में रिकाउंटिंग की उड़ी अफवाहें, सारी रात डटे समर्थको को पुलिस ने दौड़ाया, सुबह चार बजे प्रशासन ने ली राहत की सांस



विशेष रिपोर्ट
विशाल स्वामी
पत्रकार

सरपंचाई के चुनाव में लोकतंत्र का उत्सव गुरुवार को पूरे अंचल में देखने को मिला। गांवों में मतदाताओं का उत्साह, प्रत्याशियों की धड़कनें, समर्थकों की बेचैनी और मतगणना केंद्रों पर देर रात तक बना रोमांच चुनाव की खास तस्वीरें रहीं। श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स अपने पाठकों के लिए लेकर आया है चुनावी रात की कुछ ऐसी रोचक झलकियां, जो चर्चा में तो रही लेकिन खबरों की सुर्खियों में नहीं आ सकीं। चुनाव का सबसे सकारात्मक पहलू यह रहा कि पूरे अंचल में मतदान और मतगणना शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न हुई। हालांकि गुरुवार का दिन और रात पुलिस-प्रशासन के साथ प्रत्याशियों और उनके समर्थकों के लिए भी किसी परीक्षा से कम नहीं रहे।

सुबह चार बजे प्रशासन ने ली राहत की सांस

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। गुरुवार का दिन और रात पुलिस एवं प्रशासन के लिए सतर्कता भरे रहे। करीब 24 घंटे अधिकारी अलर्ट मोड पर रहे। रात तीन से चार बजे के बीच मोमासर, रीड़ी, तोलियासर, बिग्गा और इंदपालसर गुसाईंसर जैसे गांवों के परिणाम सामने आए। नवनिर्वाचित सरपंचों को पुलिस सुरक्षा में उनके घर तक पहुंचाने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। सीओ निकेत पारीक, श्रीडूंगरगढ़ थानाधिकारी कश्यप सिंह, सेरूणा थानाधिकारी इमीचंद सहित जिले के अधिकारियों और विभिन्न स्थानों से आए पुलिस जाप्ते ने व्यवस्थाएं संभालीं। श्रीडूंगरगढ़ थानाधिकारी कश्यप सिंह राघव ने बताया कि श्रीडूंगरगढ़ और रीड़ी क्षेत्र में बूथों, पंचायतों तथा क्रिटिकल बूथों पर मोबाइल पार्टियों सहित कुल 1025 पुलिस जवानों ने व्यवस्थाएं संभाली। उन्होंने शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग देने वाले ग्रामीणों और पुलिस टीमों का आभार जताया।

मोमासर, ठुकरियासर और रीड़ी में बुलाना पड़ा अतिरिक्त जाप्ता

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। मतगणना में अधिक मतों की संख्या के कारण मोमासर, ठुकरियासर और रीड़ी में परिणाम देर रात तक अटके रहे। आसपास की ग्राम पंचायतों में मतगणना पूरी होने के बाद वहां तैनात पुलिस जाप्ते को इन गांवों में भेजा गया। मोमासर और रीड़ी में पुलिस ने मतगणना केंद्र के आसपास पांच-छह गलियों तक रास्ते खाली करवाए। चाक-चौबंद सुरक्षा के बीच परिणाम घोषित किए गए। विजय जुलूस निकालने पर रोक की सख्ती से पालना करवाई गई और नवनिर्वाचित सरपंचों को पुलिस सुरक्षा में सीधे उनके घर पहुंचाया गया।

रिकाउंटिंग की मांग पर अटका इंदपालसर गुसाईंसर का परिणाम

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में अंतिम परिणाम मोमासर और तोलियासर का करीब सवा तीन बजे आया, जबकि इंदपालसर गुसाईंसर में परिणाम की घोषणा सबसे देर से हुई। यहां एक प्रत्याशी मतगणना के बाद हस्ताक्षर नहीं करने और पुनर्गणना की मांग पर अड़े रहे। जीत के अंतर को देखते हुए आरओ ने पुनर्गणना से इनकार किया। देर रात पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर समझाइश की और परिणाम घोषित करवाया। चुनावी रात में कई स्थानों पर पुनर्गणना की चर्चाएं भी उड़ीं, लेकिन प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी ग्राम पंचायत में पूर्ण पुनर्गणना नहीं हुई। कुछ स्थानों पर केवल मतपत्रों के बंडलों की गणना की गई। बिग्गा में 16 प्रत्याशियों के मतों की छंटनी और गणना के कारण परिणाम आने में देरी हुई।

सबसे पहले जैसलसर, सबसे आखिर में इंदपालसर गुसाईंसर

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। गुरुवार शाम सात बजे आरओ के निर्देशन में मतगणना शुरू हुई। सबसे पहला परिणाम करीब सवा आठ बजे जैसलसर ग्राम पंचायत का आया। वहीं सबसे अंतिम परिणाम इंदपालसर गुसाईंसर का घोषित हुआ। श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र में अंतिम परिणाम मोमासर का रहा। क्षेत्रवासियों ने तोलियासर, बिग्गा, रीड़ी, मोमासर व इंदपालसर गुसांईसर के परिणामों का बेसब्री से इंतजार किया। देर रात तक चुनावी परिणामों का रोमांच बना रहा और क्षेत्रवासी श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स के फेसबुक पेज से लगातार जुड़े रहे।

पहले समर्थकों को हटाया, फिर सरपंच को घर पहुंचाया

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। क्षेत्र की चर्चित और हॉट सीटों पर मतगणना केंद्रों के बाहर समर्थकों की भारी भीड़ जमा रही। परिणाम घोषित करने से पहले आरओ और पुलिस ने समर्थकों को केंद्र से दूर कर चार-पांच गलियों तक रास्ते खाली करवाए। इसके बाद नवनिर्वाचित सरपंच को शपथ दिलाकर पुलिस जाप्ते के साथ वाहन में बैठाकर घर पहुंचाया गया। पुलिस वाहन में नवनिर्वाचित सरपंच को बैठे देखकर ही कई समर्थकों ने जीत का अंदाजा लगा लिया और पटाखे छोड़ने शुरू कर दिए। समर्थक दौड़ते हुए सरपंच के घर पहुंचे और वहां जयकारों के साथ जीत का जश्न मनाया।

ठुकरियासर में सुबह फर्जी मतदान का आरोप, रात को भीड़ हटाने पहुंची पुलिस

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। ठुकरियासर में गुरुवार दोपहर मतदान के दौरान एक बुजुर्ग महिला ने फर्जी मतदान का आरोप लगाया, जिससे कुछ देर माहौल गरमा गया। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर बातचीत के जरिए मामला शांत करवाया। देर रात मतगणना के दौरान केंद्र के बाहर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस जाप्ता पहुंचा और समर्थकों को केंद्र के बाहर से हटाया। पुलिस वाहनों को देखकर कई ग्रामीण अपने घरों की ओर लौट गए। जीत की घोषणा होते ही पटाखे छोड़े गए और नवनिर्वाचित सरपंच के घर जश्न मनाया गया। प्रशासन की हिदायत के बाद समर्थकों ने बधाइयां देकर वहां से विदाई ली।

जालबसर में मतपत्र पर नोटा का स्टीकर लगने से विवाद

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। जालबसर में एक प्रत्याशी के चुनाव चिह्न के सामने नोटा का स्टीकर लगने को लेकर विवाद सामने आया। गुरुवार शाम करीब चार बजे प्रशासन को सूचना मिली। निर्वाचन अधिकारी झंवरलाल मित्तल ने आरओ को सूचना देकर मोबाइल पार्टी को मौके पर भेजा। सूत्रों के अनुसार कार्बन के कारण दो मतपत्रों पर मिसप्रिंट हुआ था। प्रशासन ने मतपत्रों पर चुनाव चिह्न के अनुरूप मतदान प्रक्रिया जारी रखने को लेकर समझाइश की। समर्थकों ने आरओ को ज्ञापन भी दिया। प्रशासन ने मामले को संभालते हुए मतदान और मतगणना की प्रक्रिया पूरी करवाई।

हेमासर में एक वोट को लेकर हुआ हंगामा

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। हेमासर में आमने-सामने के मुकाबले में प्रत्याशियों और समर्थकों की नजर एक-एक वोट पर रही। यहां एक प्रत्याशी हेमासर का और दूसरी प्रत्याशी सालासर गांव की थी। मतदान के दौरान सालासर के एक मतदाता का वोट किसी अन्य व्यक्ति द्वारा डाल दिए जाने का आरोप सामने आया, जिस पर हंगामा हुआ। प्रशासन ने आरओ से संपर्क किया और एडिशनल एसपी भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने समझाइश कर मामला शांत करवाया।

जीत का जैकपॉट, लेकिन दीपावली पर हारने वाले को भी साथ लें

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। दीपावली के पर्व पर आया यह चुनावोत्सव किसी के लिए खुशियों का जैकपॉट लेकर आया तो किसी के लिए निराशा भी छोड़ गया। जीतने वाले सरपंचों के घर जश्न है, लेकिन दीपोत्सव की मूल भावना आपसी प्रेम, सौहार्द और सुख-दुख साझा करने की है। चुनाव के तुरंत बाद दीपावली आने से गांवों में हार-जीत के भाव को पीछे छोड़ने का अवसर भी है। विजयी प्रत्याशियों के लिए यह समय अपने प्रतिद्वंद्वियों को भी साथ लेकर चलने का है। राम-राम श्यामा के इस परंपरागत अवसर पर सभी नकारात्मक भाव भूलकर गांव के विकास के लिए नई शुरुआत की जा सकती है। गांव की खुशहाली तभी सार्थक होगी जब जीत का उत्सव सभी ग्रामीणों का उत्सव बने।

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स की चुनावी कवरेज बनी चर्चा का विषय

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। नगरपालिका चुनावों के बाद पंचायती राज चुनावों में भी क्षेत्रवासियों ने प्रामाणिक और विश्वसनीय समाचारों के लिए श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स पर भरोसा जताया। मतदान से लेकर मतगणना और परिणामों तक टाइम्स टीम ने पल-पल की अपडेट पाठकों तक पहुंचाने के लिए निरंतर मेहनत की। गांवों की चुनावी हलचल, प्रत्याशियों के मुकाबले और परिणामों की सटीक जानकारी के लिए पाठक टाइम्स के फेसबुक पेज से जुड़े रहे। आमजन के बीच रहकर की गई इस कवरेज को क्षेत्रवासियों ने सराहा और चुनावी समाचारों ने खूब सुर्खियां बटोरीं।

रीड़ी पंचायत समिति क्षेत्र की 31 ग्राम पंचायतों के नवनिर्वाचित सरपंचों की सूची

गांव		नाम	वोट
1	धर्मास	जिनकदास स्वामी	71 मतों से विजयी
2	इंदपालसर बड़ा	तारावती	90 मतों से विजयी
3	इंदपालसर गुसाईंसर	भंवरीदेवी तोलाराम जाखड़	1497 मतों से विजयी
4	इंदपालसर सांखलान	विमला देवी	17 मतों से विजयी
5	रीड़ी	हेताराम जाखड़	927 मतों से विजयी
6	बाना	मेनका पुत्रवधू भंवरलाल बाना	137 मतों से विजयी
7	उपनी	तुलसीदेवी हरिराम गोदारा	311 मतों से विजयी
8	दुस्सरना पंडरिकजी	दानाराम सेरड़िया	83 मतों से विजयी
9	कल्याणसर पुराना	धर्मीदेवी मेघाराम महिया	47 मतों से विजयी
10	डुलचासर	खेताराम गहिया	210 मतों से विजयी
11	गोपालसर	कमला पत्नी रामरतन बूड़िया	3 मतों से विजयी
12	सूड़सर	कोडाराम सुमाराम	599 मतों से विजयी
13	देराजसर	परमेश्वरी देवी हड़मानाराम भादू	71 मतों से विजयी
14	टेऊ	टीकूराम नाहर	137 मतों से विजयी
15	केऊ	आसूराम नायक	70 मतों से विजयी
16	सांवतसर	कविता सुशील कुमार बिश्नोई	196 मतों से विजयी
17	कोटासर	पार्वती देवी राजूराम सारण	31 मतों से विजयी
18	लिखमिसर उतरादा	सुमनदेवी मांगीलाल भुंगाल	25 मतों से विजयी
19	लिखमिसर दिखणादा	संतोष फुसाराम मेघवाल	111 मतों से विजयी
20	कल्याणसर नया	शिल्पा	138 मतों से विजयी
21	राजेडू	श्रवण कुमार मदेरणा	241 मतों से विजयी
22	बापेऊ	लाली पत्नी तेजाराम	137 मतों से विजयी
23	सोनियासर मीठिया	सुमित्रा हेताराम	230 मतों से विजयी
24	सोनियासर शिवदानसिंह	अशोक सिंह	81 मतों से विजयी
25	जाखासर नया	सुरजाराम सिंहाग	123 मतों से विजयी
26	जाखासर भोमसिंहवतान	बनवारीराम मेघवाल	206 मतों से विजयी
27	बज्रांगरसर	जगदीश प्रसाद सिंहाग	208 मतों से विजयी
28	कुनपालसर	कमला देवी	72 मतों से विजयी
29	धनेस	तिलोकचंद मेघवाल	58 मतों से विजयी
30	बाडेला	मूलाराम	162 मतों से विजयी
31	मिंगसरिया	मनोज देवी शिवरतन नाई	13 मतों से विजयी

किसानों के लिए खुशखबरी, मूंगफली खरीद के टोकन जारी होने शुरू, श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में छह केंद्रों पर होगी खरीद

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 7 नवंबर 2026। धनतेरस के अवसर पर क्षेत्र के किसानों के लिए मूंगफली खरीद को लेकर अच्छी खबर सामने आई। समर्थन मूल्य पर मूंगफली खरीद के लिए टोकन जारी करने की प्रक्रिया 2 नवंबर से शुरू हो गई है। राजफैड की ओर से खरीद शुरू होने की तिथि जल्द घोषित किए जाने की संभावना है। इस बार किसान ऑनलाइन माध्यम से स्वयं भी अपना टोकन प्राप्त कर सकेंगे। किसान राजफैड की वेबसाइट अथवा ई-मित्र केंद्र के माध्यम से टोकन ले सकते हैं। प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए राजफैड द्वारा जनाधार नंबर के आधार पर ऑटो गिरदावरी प्राप्त करने की व्यवस्था शुरू की गई है। वहीं, एक जनाधार में शामिल दो या अधिक किसान भाइयों के नाम अलग-अलग गिरदावरी होने पर उनके नाम से दर्ज मूंगफली की तुलाई भी हो सकेगी। मूंगफली का समर्थन मूल्य 7517 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। नियमानुसार एक किसान से अधिकतम 40 क्विंटल मूंगफली की खरीद की जा सकेगी। इससे किसानों को अपनी उपज का समर्थन मूल्य प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में छह खरीद केंद्र

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। विभागीय अधिकारी भीकासिंह ने बताया कि श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में मूंगफली खरीद के लिए छह केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इनमें श्रीडूंगरगढ़ ए, श्रीडूंगरगढ़ मंडी, श्रीडूंगरगढ़ सी, सांवतसर, जोधासर और लिखमादेसर खरीद केंद्र शामिल हैं। खरीद शुरू होने की तारीख घोषित होते ही इन केंद्रों पर किसानों की उपज समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी। टोकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही क्षेत्र के मूंगफली उत्पादक किसानों में समर्थन मूल्य पर उपज बेचने को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है।


JAIPUR PUBLIC SCHOOL
Happy Roop Chaturdashi
May this auspicious day bring beauty, health, vitality and positive energy into your life.
ADMISSION OPEN 2026 - 27
PLAY GROUP TO 12th SCIENCE & ARTS
7023301076-77, 9928136992
ADDRESS:- NEAR RAMAN ITI COLLEGE, SARDARSHAHAR ROAD, SRI DUNGARGARH


॥ जय श्री राम ॥
जेपी इन्टरप्राईजेज
एक संपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक्स सुपरमार्केट
धनतेरस व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
पंखे, कूलर, एसी, फ्रिज, मिक्सी, गैस चूल्हे, LED, हांम गीजर, किचन का सामान, इनवर्टर-बैट्री, सोलर प्रोजेक्ट वाजिब रेट पर उपलब्ध है।
हमारे यहां जेपी इंन्टरप्राईजेज पर दुनियां की टॉप कंमनियों के प्रोडक्ट MRP पर 10 से 70% डिस्काउंट पर उपलब्ध है।
Guaranteed Lowest Price*
Best After Sales Support*
Better Deals Than Online*
Extended Warranty*
AC Dealer
Service & Parts / Warranty
Mitsubishi Electric/Heavy, O General, Voltas, Daikin, LG, Godrej & LLOYD
0% Finance Available
BAJAJ FINSERV
STOCKIST & AUTHORISED DEALER/PARTS
Ganpati Plaza, Old Ghas Mandi Road, Sri Dungargarh
JAI PRAKASH TOLAMBIYA
Mob. 96493 66007
Toll Free 939 539 0000
RAMESH RAJPUROHIT



रीड़ी पंचायत समिति क्षेत्र में जाखड़ की सबसे बड़ी जीत, कमला देवी सबसे कम अंतर से बनी सरपंच, तीन सरपंच 20 से भी कम मतों से जीते, गांवों में रातभर चला जश्न

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स

7 नवंबर 2026। रीड़ी पंचायत समिति क्षेत्र में सरपंच चुनाव के परिणामों ने कहीं एकतरफा जीत तो कहीं कांटे के मुकाबले की तस्वीर सामने रखी। देर रात तक परिणाम जारी होने के बाद विजयी प्रत्याशियों के घरों पर सुबह 4 बजे तक समर्थकों का जमावड़ा रहा। गांवों में रातभर उत्सव का माहौल बना रहा और जीत का जश्न नव विजयी सरपंचो के घर हुआ। कई ग्राम पंचायतों में प्रत्याशियों के बीच बेहद करीबी मुकाबले देखने को मिले।

जाखड़ के नाम सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। श्रीडूंगरगढ़ व रीड़ी पंचायत समिति क्षेत्र में सबसे बड़ी जीत भंवरीदेवी तोलाराम जाखड़ के नाम रही। जाखड़ ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी अमरीदेवी को 1497 मतों के भारी अंतर से पराजित किया। अमरीदेवी को 892 मत प्राप्त हुए। दूसरी सबसे बड़ी जीत लगातार दूसरी बार चुनाव जीतने वाले युवा हेतराम जाखड़ की रही। हेतराम जाखड़ 927 मतों के अंतर से विजयी हुए। तीसरी बड़ी जीत सूडसर में कोडाराम खुमाराम ने दर्ज की, जिन्होंने 599 मतों से चुनाव जीता। तुलसीदेवी हरीराम गोदारा 311 मतों से विजयी होकर चौथी बड़ी जीत हासिल करने में सफल रही। वहीं राजेडू में श्रवणकुमार मदेरणा ने 241 मतों से जीत दर्ज कर पांचवीं बड़ी जीत अपने नाम की।

तीन सरपंचों की जीत 20 मतों से भी कम

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। चुनाव परिणामों में सबसे रोमांचक मुकाबला गोपालसर में देखने को मिला, जहां कमला देवी पत्नी रामरतन बूडिया ने महज 3 मतों के अंतर से जीत हासिल कर सरपंच पद पर कब्जा जमाया। मिंगसरिया में मनोजदेवी शिवरतन नाई ने 13 मतों से जीत दर्ज की। इंदपालसर सांखलान में विमला देवी मात्र 17 मतों के अंतर से सरपंच चुनी गईं। इन तीनों ग्राम पंचायतों में जीत-हार का फैसला बेहद करीबी रहा।

कांटे के मुकाबलों में भी मिली जीत

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। लिखमीसर उत्तरादा में सुमनदेवी मांगीलाल भुवांल ने 25 मतों से जीत हासिल की। वहीं कोटासर में आमने-सामने की टक्कर के बीच पार्वती देवी राजूराम सारण ने 31 मतों से जीत दर्ज कर सरपंचाई हासिल की। पंचायत चुनाव के इन परिणामों ने स्पष्ट कर दिया कि ग्रामीण राजनीति में मतदाताओं का छोटा सा अंतर भी प्रत्याशियों की किस्मत बदलने में निर्णायक साबित हुआ।

श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में मंगेज कंवर की सबसे बड़ी जीत, माणकरासर में चुन्नीदेवी ने 3 वोटों से मारी बाजी, बिग्गा का सरपंच चुनाव रहा जिलेभर में चर्चित, 16 प्रत्याशियों के बीच संपत्त फौजी ने हासिल की जीत

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 7 नवंबर 2026। सरपंचों के समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी की और लोक देवी-देवताओं के जयकारे लगाकर जीत का जश्न मनाया। क्षेत्र में सबसे बड़ी जीत मंगेज कंवर के नाम रही, जबकि माणकरासर में चुन्नीदेवी ने मात्र 3 मतों से जीत हासिल कर सबसे करीबी मुकाबले का रिकॉर्ड बनाया। बिग्गा ग्राम पंचायत का चुनाव 16 प्रत्याशियों की मौजूदगी के चलते जिलेभर में चर्चित रहा।

मंगेज कंवर ने दिवंगत विक्रमसिंह की स्मृति में हासिल की बड़ी जीत।

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र में सबसे बड़ी जीत सड़क दुर्घटना में असमय काल का ग्रास बने भाजपा नेता दिवंगत विक्रमसिंह सत्तासर की पत्नी मंगेज कंवर के नाम रही। ग्रामीणों ने विक्रमसिंह की स्मृति और उनके प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए मंगेज कंवर को अपार समर्थन दिया। मंगेज कंवर ने 934 मतों के भारी अंतर से जीत हासिल कर क्षेत्र में सर्वाधिक मतों से विजयी सरपंच बनने का गौरव प्राप्त किया। दूसरी बड़ी जीत कितासर भाटियान में ग्यारसी देवी के नाम रही, जिन्होंने 693 मतों से चुनाव जीता। हेमासर में चुन्नीदेवी नारायण स्वामी ने 645 मतों के अंतर से जीत दर्ज कर तीसरी बड़ी जीत हासिल की। चौथी बड़ी जीत आड्सर में भगवती प्रसाद जोशी 600 मतों से विजयी रहे। वहीं बिग्गाबास रामसरा में रामेश्वरलाल ने 593 मतों के अंतर से सरपंच पद पर जीत हासिल की।

माणकरासर में चुन्नीदेवी की 3 मतों से जीत, लोडेरा में 9 वोटों का अंतर

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र की 33 ग्राम पंचायतों में सबसे करीबी मुकाबला माणकरासर में देखने को मिला। यहां चुन्नीदेवी ने मात्र 3 मतों के अंतर से सरपंच पद की बाजी जीत ली। लोडेरा में जेठाराम गोदारा ने केवल 9 मतों से जीत हासिल कर सरपंचाई प्राप्त की। बींझासर में भी मुकाबला बेहद रोचक रहा। यहां शुरुआती दौर में वसुंधरा देवी, पुत्रवधू मनोहरलाल कड़वासरा की 200 से अधिक मतों से जीत का माहौल बन गया था, लेकिन अंतिम परिणाम में वसुंधरा देवी महज 12 मतों से विजयी घोषित हुईं। लखासर में वर्तमान सरपंच प्रतिनिधि गोवर्धन खिलेरी ने कांटे की टक्कर के बीच 42 मतों से जीत दर्ज की।

बिग्गा में 16 प्रत्याशियों के बीच संपत्त फौजी ने मारी बाजी

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। बिग्गा ग्राम पंचायत का सरपंच चुनाव पूरे जिले में चर्चा का विषय बना रहा। यहां बड़ा बास निवासी संपत्त फौजी ने 15 प्रत्याशियों को पछाड़ते हुए सरपंच पद पर जीत हासिल की। संपत्त फौजी को 898 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी राकेश को 817 मत मिले। इस प्रकार संपत्त फौजी ने 81 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। बिग्गा में कुल 16 प्रत्याशी सरपंच पद के लिए मैदान में थे। चुनाव में एक प्रत्याशी को 26 तथा दूसरे को 36 मत प्राप्त हुए। वहीं चार प्रत्याशी ऐसे रहे जिन्हें 100 से भी कम मत मिले। प्रत्याशियों की बड़ी संख्या और रोचक मुकाबले के चलते बिग्गा का चुनाव जिलेभर में चर्चित रहा।

सामान्य सीट पर मातृशक्ति ने दर्ज की जीत



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। पंचायती राज चुनावों में महिला आरक्षित सीटों पर महिलाओं की भागीदारी स्वाभाविक रूप से अधिक रहती है, लेकिन सामान्य श्रेणी की सीटों पर महिला प्रत्याशियों की जीत ग्रामीण राजनीति में महिला नेतृत्व के विस्तार का संकेत देती है। ग्राम पंचायत लिखमीसर उत्तरादा में सामान्य श्रेणी की सीट पर ओबीसी महिला सुमनदेवी भुवांल ने जीत हासिल कर सरपंच पद संभाला है। वहीं उपसरपंच पद पर नौरादेवी गिला निर्वाचित हुई हैं। गांव के शिक्षित वर्ग ने महिला प्रतिनिधियों के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे ग्रामीण नेतृत्व में मातृशक्ति की भागीदारी का सकारात्मक उदाहरण बताया।



नवनिर्वाचित सरपंचों की खास तस्वीरें, पति पुलिस में, पत्नी बनी सरपंच



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 7 नवंबर 2026। पंचायती राज चुनावों के परिणामों में श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र से महिला नेतृत्व की कई प्रेरक तस्वीरें सामने आई हैं। कहीं राजस्थान पुलिस में सेवारत पति की पत्नी सरपंच बनी है तो कहीं सामान्य श्रेणी की सीट पर ओबीसी महिला ने जीत दर्ज कर ग्रामीण राजनीति में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है। पुंदलसर में महज 21 वर्ष की विद्याकंवर के सरपंच बनने से युवा महिला नेतृत्व की नई तस्वीर सामने आई है।

पति पुलिस में, पत्नी बनी सरपंच

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। ग्राम पंचायत सांवतसर में सरपंच चुनाव का एक रोचक परिणाम सामने आया है। यहां निवर्तमान सरपंच धूड़ाराम विश्नोई के पुत्र महीराम के बाद अब उनके परिवार की पुत्रवधू कविता सुशील विश्नोई सरपंच निर्वाचित हुई हैं। कविता के पति सुशील कुमार राजस्थान पुलिस में जवान हैं और वर्तमान में बीकानेर में ट्रैफिक पुलिस में सेवाएं दे रहे हैं। पुलिस सेवा में कार्यरत पति की पत्नी के सरपंच बनने पर ग्रामीणों ने कविता को बधाई दी। सांवतसर में एक ही परिवार से लगातार दो सदस्यों का नेतृत्व से जुड़ना भी चर्चा का विषय रहा।

धनतेरस पर श्रीडूंगरगढ़ पहुंचे स्थाई एडीजे राजपाल सिंह, बार एसोसिएशन ने किया स्वागत





श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 7 नवंबर 2026। श्रीडूंगरगढ़ में स्थाई एडीजे राजपाल सिंह की नियुक्ति के बाद शुक्रवार को उनके प्रथम आगमन पर बार एसोसिएशन की ओर से स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। धनतेरस के अवसर पर बार रूम में आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने न्यायिक अधिकारी का अभिनंदन किया तथा क्षेत्र में न्यायिक कार्यों के सुचारू संचालन और पीड़ित पक्षकारों को समय पर सुलभ न्याय मिलने की उम्मीद जताई। बार एसोसिएशन अध्यक्ष ललित मारू ने एडीजे राजपाल सिंह को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। अधिवक्ताओं ने स्थाई न्यायिक अधिकारी की नियुक्ति को क्षेत्र की न्यायिक व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए आमजन को न्याय संबंधी कार्यों में सुविधा मिलने की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता बाबूलाल दर्जी ने किया। इस अवसर पर साजिद खान, पीपी सोहननाथ सिद्ध, अभियोजन अधि कारी सपनकुमार, ओमप्रकाश पंवार, राधेश्याम दर्जी, मांगीलाल नैन, सत्यनारायण प्रजापत, धर्मेंद्र सिंह शेखावत, केके पुरोहित, अबरार, सुखदेव व्यास, गणेशाराम, पंकज पंवार, हेमराज मेघवाल, गोपाल पारीक, ओमप्रकाश मिडल, ओमनाथ सिद्ध, रणवीर खींची, आसिफ चांगल, पूजा सैनी, बजरंग ज्याणी, मीडिया प्रभारी पुखराज तेजी सहित अनेक वकील मौजूद रहे। नवनियुक्त अधिकारी ने सभी का आभार जताया।



धनतेरस पर बाजारों में उमड़ी खरीदारों की भीड़, दीपावली की रौनक से गुलजार हुआ श्रीडूंगरगढ़



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 7 नवंबर 2026। दीपावली के पांच दिवसीय पर्व शुक्रवार को धनतेरस से प्रारंभ हुआ। दीपोत्सव के पहले दिन श्रीडूंगरगढ़ के बाजारों में खूब रौनक नजर आई। शुभ खरीदारी के उत्साह के साथ शहर के मुख्य बाजारों में सुबह से ही ग्राहकों की आवाजाही शुरू हो गई। दिन चढ़ने के साथ बाजारों में भीड़ बढ़ती गई और देर शाम तक दुकानों पर खरीदारी का दौर जारी रहा। धनतेरस के उल्लास ने बाजारों को उत्सवी रंग में रंग दिया। धनतेरस पर परंपरानुसार नए बर्तन, सोने-चांदी के आभूषण और अन्य घरेलू वस्तुओं की खरीदारी को शुभ माना जाता है। इसी मान्यता के चलते बर्तन बाजार, ज्वेलरी शोरूम और इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकानों पर ग्राहकों की विशेष चहल-पहल रही। महिलाओं ने घरेलू उपयोग के बर्तन और सजावटी सामग्री खरीदी, वहीं परिवारों ने दीपावली के लिए आवश्यक सामान की खरीदारी की। बाजारों में दीपावली पूजन सामग्री, मिट्टी के दीपक, लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाएं, रंगोली, झालरें और आकर्षक सजावटी सामान भी ग्राहकों को आकर्षित करते नजर आए।

रोशनी और सजावट ने बढ़ाई बाजारों की शोभा

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। दीपावली को लेकर व्यापारियों ने अपनी दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया है। रंग-बिरंगी रोशनी, सजावटी झालरों और दीपावली के विशेष डिस्प्ले से बाजारों की सुंदरता बढ़ गई। मुख्य बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही और दुकानों पर खरीदारी के माहौल ने त्योहार की खुशियों को और बढ़ा दिया। धनतेरस पर शुभ मुहूर्त में खरीदारी करने के लिए अनेक परिवार बाजार पहुंचे।



व्यापारियों में उत्साह, ग्राहकों में त्योहार की उमंग

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। धनतेरस की खरीदारी को लेकर व्यापारियों में उत्साह नजर आया। दुकानदारों ने ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार के सामान उपलब्ध करवाए। वहीं ग्राहक भी दीपावली की तैयारियों के तहत अपनी जरूरतों और परंपराओं के अनुसार खरीदारी करते दिखाई दिए। बाजारों में परिवारों के साथ पहुंचे लोगों ने खरीदारी के साथ त्योहार की खुशियों का आनंद लिया। धनतेरस की रौनक के साथ श्रीडूंगरगढ़ में दीपावली उत्सव का आगाज उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। बाजारों की चहल-पहल, दुकानों की सजावट और खरीदारी के उत्साह ने शहर में त्योहार की खुशियों का माहौल बना दिया।



महज 21 वर्ष की विद्याकंवर ने थामी पुंदलसर की कमान



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। ग्राम पंचायत पुंदलसर में नवनिर्वाचित सरपंच विद्याकंवर पुत्री मेघसिंह ने महज 21 वर्ष की उम्र में सरपंच पद पर जीत हासिल कर क्षेत्र में युवा नेतृत्व की नई तस्वीर प्रस्तुत की है। ग्रामीण राजनीति में जहां अनुभवी जनप्रतिनिधियों का दबदबा रहता है, वहीं विद्याकंवर की जीत ने युवाओं और विशेषकर बालिकाओं में उत्साह का संचार किया है। क्षेत्र की बालिकाएं आरएएस, आरजेएस सहित विभिन्न प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में अपनी प्रतिभा साबित कर रही हैं। ऐसे में विद्याकंवर का ग्रामीण नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालना महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रेरक संदेश है। गांव के शिक्षित वर्ग ने विद्याकंवर को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि युवा सोच और जनभागीदारी से पुंदलसर के विकास को नई दिशा मिलेगी। वहीं उपसरपंच भी कमला कंवर चुनी गई और गांव का नेतृत्व पांच साल के लिए महिला शक्ति को सौंपा गया है।

केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने फुटपाथ पर बैठे कुम्हार से खरीदे मिट्टी के दीये

बीकानेर। दीपावली के अवसर पर केंद्रीय कानून मंत्री श्री अर्जुनराम मेघवाल ने शुक्रवार को पंचशती सर्किल स्थित बाजार पहुंचकर फुटपाथ पर बैठे स्थानीय कुम्हार से मिट्टी के दीये खरीदे। इस दौरान उन्होंने स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने और स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का संदेश दिया। श्री मेघवाल ने कहा कि दीपावली सिर्फ घरों को रोशन करने का पर्व नहीं है, यह उन कारीगरों और श्रमिकों के जीवन में खुशियां लाने का अवसर भी है, जो अपनी मेहनत और हुनर से मिट्टी के दीये सहित पारंपरिक उत्पाद तैयार करते हैं। स्थानीय दुकानदारों और कारीगरों से खरीदारी करने से उनकी आजीविका को संबल मिलता है तथा उनके परिवारों में भी त्योहार की खुशियां बढ़ती हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि दीपावली पर स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दें और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल अभियान को आगे बढ़ाते हुए स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएं। उन्होंने बाजार से मिट्टी के दीयों के साथ दीपावली से संबंधित अन्य सामग्री की खरीदारी भी की। इस दौरान डॉ. सत्य प्रकाश आचार्य, श्री गुमान सिंह राजपुरोहित, श्री अशोक प्रजापत और श्री पंकज अग्रवाल उनके साथ मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री ने इस अवसर पर बीकानेरवासियों को पंचदिवसीय दीपोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।



केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने जवानों के साथ मनाई दीपावली



बीकानेर। केंद्रीय कानून मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को बीकानेर मिलिट्री स्टेशन पहुंचकर देश की सुरक्षा में तैनात सेना के जवानों के साथ दीपावली का त्योहार मनाया। इस अवसर पर उन्होंने जवानों को मिठाई खिलाई और दीपावली की शुभकामनाएं दी। केंद्रीय मंत्री ने जवानों से मुलाकात कर उनके साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की सेवा एवं सुरक्षा में समर्पित हमारे वीर जवानों का साहस, शौर्य, त्याग और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। देश की सीमाओं की रक्षा के प्रति उनका समर्पण प्रत्येक देशवासी को गौरवान्वित करता है। उन्होंने कहा कि जवानों की मुस्तैदी और कर्तव्यनिष्ठा के कारण ही देशवासी सुरक्षित वातावरण में त्योहार मना पाते हैं। उन्होंने कहा कि वे प्रति वर्ष दीपावली के अवसर पर सैनिकों के बीच पहुंचकर उनके साथ खुशियां साझा करते हैं और उनके प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।। इस दौरान डॉ. सत्य प्रकाश आचार्य, श्री अशोक प्रजापत एवं श्री पंकज अग्रवाल भी साथ रहे।



अलवर टाइगर मैराथन-2027 का हुआ आगाज, 7 फरवरी को होगा मैराथन का तीसरा संस्करण



जयपुर। आगामी 7 फरवरी को आयोजित होने वाली 'अलवर टाइगर मैराथन' के तीसरे संस्करण का उद्घोष कार्यक्रम केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं मैराथन के ब्रांड एंबेसडर एवं अभिनेता रणदीप हुड्डा की गरिमामयी उपस्थिति में शुक्रवार को अलवर शहर के मूसी महारानी की छतरी परिसर में हुआ। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण अलवर टाइगर मैराथन के आधिकारिक शुभंकर 'सरिस्का वीर'का शुभारंभ रहा। सरिस्का वीर के माध्यम से बाघ संरक्षण, वन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया जाएगा। इस अवसर पर सरिस्का वीर द्वारा भूपेन्द्र यादव एवं रणदीप हुड्डा को अलवर टाइगर मैराथन-2027 की आधिकारिक टी-शर्ट भेंट की गई। इसके पश्चात अतिथियों ने संयुक्त रूप से टी-शर्ट का अनावरण किया तथा फोटो सेशन में भाग लिया। कार्यक्रम में राजस्थान पर्यटन विभाग एवं वी-शक्ति ट्रस्ट के मध्य अलवर टाइगर मैराथन के संबंध में एमओयू हुआ, जिस पर राजस्थान पर्यटन विभाग की ओर से अतिरिक्त निदेशक राजेश शर्मा एवं वी-शक्ति ट्रस्ट की ओर से प्रज्ञा यादव ने हस्ताक्षर किए। इस दौरान अतिथियों द्वारा मुम्बई हमले के दौरान अदम्य साहस का परिचय देने वाले अलवर निवासी कमांडो श्री सुनील जोधा एवं अजमेर निवासी अल्ट्रा रनर सुफिया सोफी का शॉल ओढाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। केंद्रीय वन मंत्री ने आमजन को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अलवर टाइगर मैराथन टाइगर एवं प्रकृति के संरक्षण के साथ पर्यटन को बढावा देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, जो खेल के साथ-साथ स्वस्थ नागरिक, सुरक्षित प्रकृति व सशक्त समाज का संदेश देती है। इस टाइगर मैराथन का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट को आगे बढाते हुए देशवासियों को फिटनेस की जीवनशैली को अपनाने का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि अलवर टाइगर मैराथन की परिकल्पना केवल खेल का आयोजन नहीं बल्कि फिटनेस को जन आन्दोलन बनाने, बाघों और वनों के प्रति जागरूकता बढाने, अलवर की ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक संपदा को दुनिया के सामने लाने का सकारात्मक प्रयास है। उन्होंने कहा कि सरिस्का टाइगर रिजर्व केवल ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहर न होकर बाबा भर्तृहरि की तपोस्थली, चारों तरफ सिद्ध पीठ हनुमानजी का वास एवं करणीमाता, नारायणी माता व नीलकण्ठ महादेव की शक्ति का केंद्र है।

उन्होंने कहा कि देश में सबसे पहले टाइगर का रिलोकेट सरिस्का टाइगर रिजर्व में हुआ था। रणदीप हुड्डा ने टाइगर संरक्षण एवं फिटनेस को समर्पित इस मैराथन से जोडने के लिए केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव का आभार जताते हुए अलवर टाइगर मैराथन को एक विचार बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की इस मैराथन के आयोजन से अलवर की संस्कृति, ऐतिहासिक विरासत, प्राकृतिक सौन्दर्य, खान-पान, वेशभूषा, बोली को पहचान मिलेगी। अलवर में एनसीआर के एकमात्र टाइगर रिजर्व के साथ गौरवशाली इतिहास जुडा हुआ है। केंद्रीय वन मंत्री ने अलवर सांसद खेल उत्सव एवं मैराथन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया के नारे से यूथ से जोडने का काम किया है। उन्होंने आमजन से अलवर टाइगर मैराथन के तृतीय संस्करण में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया।



केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने सचिव कल्याण कोष के अंतर्गत दो समितियों के आश्रितों को 12 लाख रूपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया

जयपुर। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने शुक्रवार को सरस डेयरी की ओर से सचिव कल्याण कोष के अंतर्गत मालाखेड़ा की हजारिया बास बावड़ी समिति के सचिव स्वर्गीय राम सिंह सैनी के निधन के उपरांत उनकी धर्मपत्नी ी चिड़िया देवी को 10 लाख रूपये एवं मुंडावर की जिंदोली समिति के सचिव चन्दनलाल मिश्रा के असहाय बीमारी से पीड़ित होने के कारण उनके परिवार को 2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया। केंद्रीय वन मंत्री ने कहा कि सचिव कल्याण कोष का उद्देश्य कठिन परिस्थितियों में समिति के सचिवों एवं उनके परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करना है। इस पहल के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है कि संकट की घड़ी में उनके परिवारों को सहयोग मिल सके।



साइबर स्वच्छता अवेयरनेस समय की मांग, ई-वेस्ट के वैज्ञानिक निष्पादन और रिसाइक्लिंग पर जोर

जयपुर। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने साइबर स्वच्छता के प्रति सरकारी और गैरसरकारी संस्थाओं को आगे आकर व्यापक स्तर पर अवेयरनेस कार्यक्रम संचालित करने पर जोर देते हुए कहा कि आज डिजिटल सुरक्षा समय की मांग है। ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल सप्ताह, 2026 के दौरान ई-वेस्ट पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक एवं आधुनिक तकनीकों के माध्यम से अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से सोना, चांदी सहित अन्य मूल्यवान धातुओं की रिकवरी की जा सकती है। इससे न केवल प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण संभव है, बल्कि ई-वेस्ट को उपयोगी संसाधन में परिवर्तित कर सर्कुलर इकोनॉमी को भी मजबूती मिलती है। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अपर्णा अरोरा, पर्यावरण सचिव श्रीमती शैलजा देवल एवं आरएसपीसीबी के सदस्य सचिव श्री कपिल चंद्रवाल ने प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक कचरे के व्यवस्थित संग्रहण, वैज्ञानिक निस्तारण एवं अधिकाधिक रिसाइक्लिंग को प्रोत्साहित करने के लिए अवेयरनेस कार्यक्रम के तहत आठ ई-वेस्ट कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य सचिव ने ई-वेस्ट रिसाइक्लर्स द्वारा प्रदर्शित रिसाइक्लिंग प्रक्रिया एवं विभिन्न तकनीकी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।



मूंदड़ी मौहल्ले में 17.70 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित महिला शौचालय का लोकार्पण



जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को अजमेर शहर के मूंदड़ी मौहल्ले में 17.70 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित महिला सार्वजनिक शौचालय का लोकार्पण किया। इस सुविधा के शुरू होने से क्षेत्र की स्थानीय निवासी महिलाओं, बाजार में आने वाली महिला ग्राहकों एवं राहगीरों को सुलभ और स्वच्छ प्रसाधन सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सम्मान, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध है। सार्वजनिक स्थानों एवं व्यस्त बाजारों में महिलाओं के लिए स्वच्छ और सुलभ शौचालयों की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। मूंदड़ी मौहल्ले में इस सुविधा का निर्माण महिलाओं की सुविधा एवं सम्मान सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था केवल मूलभूत सुविधा ही नहीं, बल्कि उनकी गरिमा, स्वास्थ्य और स्वच्छता से भी जुड़ा विषय है। राज्य सरकार ने बजट घोषणा के माध्यम से इस आवश्यकता को प्राथमिकता दी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शौचालय की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए तथा कचरा प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था भी विकसित की जाए,ताकि इसका समुचित रखरखाव हो सके। श्री देवनानी ने कहा कि मूंदड़ी मौहल्ला अजमेर का व्यस्त व्यापारिक एवं सघन आबादी वाला क्षेत्र है। यहां लंबे समय से महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालय की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस अवसर पर स्थानीय महिलाओं, मोहल्लेवासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने महिला शौचालय की सौगात के लिए श्री देवनानी का साफा पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पार्षद श्रीमती तरूणा गोयल, पूर्व पार्षद श्रीमती भारती श्रीवास्तव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, महिलाएं एवं आमजन उपस्थित रहे।

मुख्य सचिव ने वेटलैंड्स के सीमांकन एवं संरक्षण के दिए निर्देश, विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर की समीक्षा- प्रदेश के सत्यापित वेटलैंड्स का शीघ्र सीमांकन सुनिश्चित करें



जयपुर, 6 नवम्बर। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में शुक्रवार को शासन सचिवालय में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

प्रदेश के सत्यापित वेटलैंड्स के सीमांकन एवं संरक्षण पर जोर–

बैठक में प्रदेश में वेटलैंड्स के सीमांकन एवं संरक्षण के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि राजस्थान में कुल 12,745 वेटलैंड्स का सत्यापन किया जा चुका है, जिनका कुल क्षेत्रफल 3 लाख 70 हज़ार 841 हेक्टेयर है। मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं जिला कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि सभी सत्यापित वेटलैंड्स की सीमाओं का शीघ्र एवं प्रभावी सीमांकन सुनिश्चित किया जाए, ताकि इन महत्वपूर्ण प्राकृतिक जलस्रोतों का संरक्षण किया जा सके। उन्होंने संबंधित जिलों के जिला कलेक्टर्स से वेटलैंड्स की स्थिति एवं प्रगति की जानकारी लेते हुए सीमांकन की कार्यवाही में तेजी लाने तथा आवश्यक सभी कदम उठाने के निर्देश दिए।

न्यायालय परिसरों एवं न्यायिक आवासों के लिए भूमि आवंटन जल्द करने के निर्देश–

बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों में न्यायालय परिसरों एवं न्यायिक अधिकारियों के आवासों के लिए लंबित भूमि आवंटन के प्रकरणों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने जिला कलेक्टर्स एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन प्रकरणों में आ रही बाधाओं को आपसी समन्वय से दूर करते हुए भूमि आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए। उन्होंने सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने तथा इस दिशा में नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करने पर जोर दिया।

राजकॉप सिटीजन ऐप के बारे में अधिकाधिक जागरूकता फैलाएं–

मुख्य सचिव ने राजकॉप सिटीजन ऐप के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए कहा कि अधिक से अधिक नागरिकों तक इस ऐप की जानकारी पहुंचाई जाए ताकि वे घर बैठे पुलिस सेवाओं एवं आपातकालीन सहायता संबंधी सुविधाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से आमजन को ऐप के उपयोग के प्रति प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक के सफल आयोजनों की सराहना–

मुख्य सचिव ने प्रदेश में ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक के अंतर्गत आयोजित विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने इन आयोजनों के सफल संचालन में संबंधित विभागों एवं अधिकारियों द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से सतत जीवनशैली एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों की सराहना की। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अभय कुमार (जल संसाधन विभाग), श्री भास्कर ए. सावंत (गृह विभाग), श्री आनंद कुमार (वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग), प्रमुख शासन सचिव श्री टी. रविकांत (राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग) तथा शासन सचिव श्री रवि जैन (स्वायत्त शासन विभाग) सहित सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े।

शासन सचिवालय स्थित राजकीय आयुर्वेद औषधालय में मनाया गया धन्वंतरि आरोग्य सप्ताह

जयपुर। शासन सचिवालय परिसर स्थित राजकीय आयुर्वेद औषधालय की ओर से शुक्रवार को धन्वंतरि आरोग्य सप्ताह के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना कर सभी के उत्तम स्वास्थ्य एवं आरोग्य की कामना की गई। कार्यक्रम में सचिवालय राजपत्रित अधिकारी सेवा संघ के अध्यक्ष श्री अभिमन्यु शर्मा मुख्य अतिथि तथा आयुष विभाग के वरिष्ठ शासन उप सचिव श्री नरोत्तम लाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप शासन सचिव श्री बाबूलाल मीणा, पूर्व कर्मचारी संघ के अध्यक्ष श्री कजोड़मल मीणा एवं परिचारक संघ के अध्यक्ष श्री नरपत सिंह सहित सचिवालय के आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी चिकित्सा सेवाओं से जुड़े चिकित्सक, कंपाउंडर, नर्स एवं परिचारक तथा अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। राजकीय आयुर्वेद औषधालय के वरिष्ठ चिकित्साधिकारी एवं प्रभारी वैद्य श्री राजेश शर्मा ने मौसमी बीमारियों से बचाव एवं उपचार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने शरद ऋतु में होने वाले संभावित रोगों, उनसे बचाव के उपायों तथा इस मौसम में अपनाए जाने वाले उचित आहार-विहार के संबंध में विस्तार से बताया। इस दौरान उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के लिए पत्रक भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में आरती के पश्चात अतिथियों का सम्मान किया गया तथा प्रसाद वितरित किया गया।



धनतेरस पर खुली मंडी में ग्वार व ईसबगोल के भावों में आया सुधार

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 7 नवंबर 2026। चुनावी अवकाश के बाद शुक्रवार को श्रीडूंगरगढ़ अनाज मंडी खुली। धनतेरस पर मंडी में ग्वार व ईसबगोल के भावों में सुधार दर्ज हुआ। बता देवें चुनाव के कारण रौनक कम रही और अब आगामी 9 नवंबर तक मंडी में अवकाश रहेगा। 10 नवबंर से मंडी खुलेगी व बोली सुचारू होगी।

नई खल - 4200/- 4850/-
ग्वार 7750/- 7901/-
ग्वार काला - 7000/- 7600/-
मोठ नया- 8000/- 8551/-
मोठ -6800/-7300
चना- 6700/- 6900/-
रूसी चना- 6600/- 6900/-
मैथी नई- 6800/- 7500/ -
गेहूं - 2750/- 2870/-
गेहूं1482 - 2800/- 3500/-
बाजरी - 2500/- 2700/-
बाजरी देसी- 4000/-5000
तारामीरा नया- 5000/- 5700/-
सरसों नई - 6800/- 7500/-
पीली सरसों - 6800/-7500
खडबा सरसों -आवक नहीं है।
ईसबगोल नया- 13000/- 14700/-
पैकेट ईसबगोल 14800/- 15500/-
जीरा नया- 22000/- 24000/-
मूंग नया- 7500/- 8300/-
मूंग -6500/-7000/-
मूंगफली खला नया ड्ड 6000/- 8001/-
सिकाई मुंगफली -7600/- 8200
मूंगफली चुगा नया - 6500/- 7300/-
मूंगफली दाल - 7000/- 8000/-
मूंगफली कल्याणी - 5000/- 6000/-
मूंगफली बोबरू - 4500/- 6000/-
मूंगफली गोटा फ्रेश - 8000/- 9000/-
तिल- 1000/- 10500/-
जौ नया- 2700/- 3000/-
मूंग चूरी - 40,1300/- 1400/-
मोठ चूरी- 40, 1100/- 1250/-
नया धाना - 12500/- 16500/-



धनतेरस पर श्रीडूंगरगढ़ टाटा शो-रूम में रहा उत्सव का माहौल, 9 परिवारों में शामिल हुई टाटा



सुनहरी सागर सिंह ने अपनाई टाटा की सुरक्षा



मयसिंह राजपुरोहित ने परिवार में शामिल की टाटा की सुरक्षा



भवानी शंकर स्वामी ने जताया टाटा पर भरोसा



काननाथ सिद्ध लिखमादेसर ने परिवार में शामिल किया टाटा



माया सिहाग पत्नी सुमित पूनियां ने जताया टाटा पर भरोसा


सुभाष चंद्र ने जताया स्वदेशी टाटा पर भरोसा



निर्मल पारीक ने परिवार बच्चों सहित ली चाबी और अपनाई टाटा की सुरक्षा



प्रभुदयाल पन्नीवाल ने टाटा की सुरक्षा को अपनाया।

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 7 नवम्बर 2026। श्रीडूंगरगढ़ कस्बे में नेशनल हाईवे पर पूर्व विधायक किशनाराम नाई की बाड़ी में स्थित टाटा कार के शोरूम में शुक्रवार को उत्सव का माहौल रहा। धनतेरस के शुभ अवसर पर यहां 9 परिवारों ने टाटा की गाड़ियों को अपने परिवार के सदस्य के रूप में शामिल किया। एक ही दिन में 9 गाडियों की डिलेवरी देने के कारण यहां दिन भर परिवारों की आवाजाही से त्योहार का उत्साही माहौल रहा। टाटा श्रीडूंगरगढ़ के विशाल स्वामी एवं संजय स्वामी ने बताया कि टाटा अपनी गाड़ियों में सबसे अधिक सुरक्षा पर ध्यान देती है एवं वर्तमान के हादसों के दौर में हर व्यक्ति के लिए जान है, तो जहान है, के विचार को आत्मसात कर रहा है। यही कारण है कि क्षेत्रवासियों द्वारा कोई भी गाड़ी खरीदने से पहले यहां होने वाले हादसों को याद कर गाड़ी की सेफ्टी रैंकिंग को जरूर देखता है। साथ ही टाटा द्वारा अपनी गाड़ियों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की लक्जरी फैसेलिटी, सैगमेंट में सर्वाधिक माईलेज का समावेश किया गया है। इस कारण टाटा की गाडियों ने क्षेत्रवासियों के दिलों में खास जगह बनाई है। धनतेरस के मौके पर पूर्व प्रधान भागूराम सहू के पुत्र हनुमान सहू ने हैरीयर ईवी, शिक्षक एवं सोशल मीडिया इंन्फलूएंसर ओमप्रकाश सिद्ध ऊपनी ने सिएरा डीजल, एईएन प्रभुदयाल पन्नीवाल ने सिएरा ईवी, पटवारी निर्मल पारीक ने सिएरा ईवी, माया सिहाग पत्नी सुमित पूनियां ने पंच सीएनजी, सुभाष चंद्र स्वामी ने पंच ईवी, सीए विनोद गहलोत ने एरीस, गांव भोजास के मिठाई व्यापारी मघसिंह राजपुरोहित ने नेक्सोन ईवी, सुनहरी सागर सिंह ने नेक्सोन ईवी की डिलेवरी प्राप्त की है। वहीं इससे पूर्व 1 नवम्बर को रवि-पुष्य नक्षत्र में काननाथ सिद्ध लिखमादेसर ने नेकसोन ईवी, भवानी शंकर ने सिएरा पेट्रोल व रामचंद्र जाखड़ ने सिएरा ईवी 75 किलोवाट की डिलिवरी ली थी। शो-रूम में सेल्स मैनेजर लक्ष्मण स्वामी ने बताया कि टाटा के लिए क्षेत्रवासियों में क्रेज लगातार बढ़ रहा है इस वर्ष नवरात्रि से धनतेरस तक 29 परिवारों ने टाटा की गाड़ियां खरीदी हैं एवं सेल्स एवं सर्विस दोनो में ग्राहकों की संतुष्टि को ही लक्ष्य रखा गया है। टाटा द्वारा श्रीडूंगरगढ़ में टाटा के बढ़ रहे परिवार को देखते हुए दीपावली बाद श्रीडूंगरगढ़ में टाटा का सर्विस सेंटर भी शुरू करना प्रस्तावित है एवं जल्द ही क्षेत्रवासियों को गाड़ी की सर्विस के लिए बीकानेर जाने की मजबूरी से भी मुक्ति मिल जाएगी।



सीएम विनोद गहलोत ने परिवार में शामिल किया टाटा को



हनुमान सहू ने टाटा की सुरक्षा पर जताया भरोसा



शिक्षक व सोशल मीडिया इंफलूएंसर ओमनाथ सिद्ध ऊपनी ने जताया टाटा पर भरोसा



धनतेरस पर सरावगी मोहल्ले को मिली आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सौगात

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने धनतेरस के पावन अवसर पर अजमेर शहर के वार्ड संख्या 70 स्थित सरावगी मोहल्ले के निवासियों को स्वास्थ्य सुविधाओं की सौगात देते हुए आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण किया। इस केन्द्र के प्रारम्भ होने से क्षेत्रवासियों को घर के समीप ही प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इस अवसर पर श्री देवनानी ने कहा कि धनतेरस के शुभ अवसर पर क्षेत्रवासियों को यह स्वास्थ्य सुविधा समर्पित करते हुए उन्हें प्रसन्नता हो रही है। उनका प्रारम्भ से ही प्रयास रहा है कि अजमेर की जनता को बेहतर एवं सुलभ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हों। इसी उद्देश्य से क्षेत्र में आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्रारम्भ किया गया है। उन्होंने बताया कि इस केन्द्र पर एक चिकित्सक एवं दो नर्सिंग स्टाफ सहित कुल सात कार्मिक नियुक्त किए गए हैं। पूर्व में छोटी-मोटी एवं मौसमी बीमारियों के उपचार के लिए क्षेत्रवासियों को जेएलएन चिकित्सालय जाना पड़ता था। अब इस केन्द्र के शुरू होने से उन्हें नजदीक ही प्राथमिक उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। इससे जेएलएन चिकित्सालय पर भी मरीजों का दबाव कम करने में सहायता मिलेगी। श्री देवनानी ने कहा कि अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में अब तक 12 आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्रारम्भ किए जा चुके हैं। इन केन्द्रों के माध्यम से शहरी क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। यहां सामान्य चिकित्सा सेवाओं के साथ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, गैर-संचारी रोगों की जांच एवं उपचार तथा स्वास्थ्य परामर्श की सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि सरकार एवं स्थानीय प्रशासन के प्रयासों से अजमेर उत्तर क्षेत्र



में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं अस्पतालों सहित कुल 27 चिकित्सा सुविधाओं का संचालन किया जा रहा है। इन सुविधाओं का उद्देश्य आमजन को सुलभ एवं बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाना है। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि अजमेर में चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। संभाग के सबसे बड़े जेएलएन चिकित्सालय में 190 करोड़ रुपये की लागत से सात मंजिला सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक का निर्माण करवाया जा रहा है। इसके साथ ही 18 करोड़ रुपये की लागत से रोबोटिक सर्जरी जैसी अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा भी शुरू की गई है। इससे जटिल ऑपरेशन आधुनिक तकनीक के माध्यम से किए जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ज्योत्सना शर्मा, पार्षद श्रीमती उमा पंडित सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स कार्यालय : फर्स्ट फ्लोर, टीएम प्लाजा, पुरानी घास मंडी, मैन मार्केट, श्रीडूंगरगढ़ सम्पादक : कपिला स्वामी 94149 17401, प्रबंधक : विशाल स्वामी 94144 17401

BAJAJ | THE WORLD'S FAVOURITE INDIAN

आभार श्रीडूंगरगढ़

बालाजी मोटर्स परिवार में जुड़ने के लिए

10 YEARS WARRANTY

अब कार जैसी इंजन वारंटी बजाज मोटरसाइकिल पर 10 साल या 125000 किलोमीटर तक इंजन वारंटी।

हर मोटरसाइकिल खरीद पर मिलेंगे ये सभी फ्री



हर मोटरसाइकिल खरीद पर ₹500 का पेट्रोल फ्री...

सबसे मजबूत, स्टाइलिश,, दमदार इंजन और

माइलेज का राजा, बजाज मोटरसाइकिल



हम पर भरोसा करने के लिए आपका धन्यवाद!

सस्ती मोटरसाइकिल का चक्कर छोड़ो,
बजाज मोटरसाइकिल लो और
10 साल बेफिक्र सफर करो

बालाजी मोटर्स
बीकानेर रोड़, N.H. 11, श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर)

विक्रम स्वामी 7339967401
विशाल स्वामी श्रीडूंगरगढ़ टाईम्स

आज ही आएं और बजाज परिवार का हिस्सा बनें।

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स कार्यालय : फर्स्ट फ्लोर, टीएम प्लाजा, पुरानी घास मंडी, मैन मार्केट, श्रीडूंगरगढ़ सम्पादक : कपिला स्वामी 94149 17401, प्रबंधक : विशाल स्वामी 94144 17401